Need for CBI inquiry to investigate the alleged case of spurious seeds in Wardha district, Maharashtra - laid

श्री रामदास तडस (वर्धा): मैं माननीय कृषी मंत्री जी का ध्यान विदर्भ के अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर पुलिस एवं कृषि विभाग द्वारा कपास के बीजों की जिले के एक गोदाम में की गई छापेमारी की कार्यवाही की ओर दिलाना चाहता हूं । जिसमें कथित रूप से 296 बोरे नकली कपास के बीज को पकड़ा गया है । जिसका बाजार भाव करीब 1 करोड़ 55 लाख 85 हजार 9 सौ 70 रुपए का है, जिसे पुलिस ने जब्त किया है । यह कपास बाहरी राज्यों से आने वाली असली बीज के पैकेट में नकली बीजों की री-पैकिंग कर उसे बेचा जा रहा था । एक माह पहले शुरू किए गए इस कारखाने से वर्धा सहित नागपुर, अमरावती, चंद्रपुर, भंडारा व विदर्भ के अन्य जिलों की अलग-अलग कृषि केंद्रों के मार्फत नकली बीजों की बिक्री करने का खुलासा हुआ है । इस गिरोह द्वारा 14 टन नकली बीज़ बेचा जा चुका है । इस वजह से पूरे विदर्भ में 14,000 एकड़ में नकली कपास के बीज बोए जाने का संदेह है । जिस कारण किसानों में रोष व्याप्त है । अतः माननीय कृषि मंत्री से आग्रह है कि किसान के हित को ध्यान में रखकर इसकी जाँच CBI से करवा कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने का कृपा करें जिससे कि दुबारा कोई इस तरह कुकृत्य करने का सोच न सकें ।